राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 120/2024

युवा पीढ़ी को कृषि कार्य से जुड़ना चाहिए–राज्यपाल

पटना, 16 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित दो दिवसीय 'बिहार आमोत्सव–2024' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के हर जिले के आम की अपनी विशेषताएँ हैं और उनकी ब्रांडिंग व मार्केटिंग होनी चाहिए, इससे किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों का आम विदेशों मे जाना चाहिए। बिहार में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने तथा आम के बारे में अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। यहाँ मार्केटिंग के लिए किसानों का एफ०पी०ओ० बनना भी जरूरी है। हमारे विकास के केन्द्र में किसान होने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि विद्यालयों की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को खेती की आधारभूत जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को कृषि एवं आमोत्पादन से जुड़ना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें कृषि एवं कृषि उत्पादों के विपणन से संबंधित सभी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाए।

उन्होंने मिलेट्स की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि ये हमारे देश की विरासत और धरोहर हैं। इन्हें भूलने पर हम अनेक बीमारियों के शिकार होते हैं। भारत में जी–20 के मेहमानों को भी मिलेट्स के व्यंजन परोसे गए थे और उन्होंने इसकी सराहना की थी। वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा आम से निर्मित उत्पादों तथा जर्दालु आम एवं शाही लीची के जी०आई० टैग की संचिकाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने बिहार आमोत्सव–2024 के अवसर पर आम की प्रदर्शनी में प्रदर्श लगाने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम को माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ० डी०आर० सिंह एवं मिलेट्स मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ० खादिर वली ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, उद्यान निदेशक श्री अभिषेक कुमार, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, निदेशकगण, कृषि वैज्ञानिकगण, पदाधिकारीगण एवं उद्यानविद्, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण, बिहार के विभिन्न जिलों से आए किसान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………